दैनिक भास्कर 02/03/2023

# जीएमएन कॉलेज में साइकोलॉजी पर किया व्याख्यान



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग ने प्लेसमेंट सेल के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन किया। जिसका विषय प्रिपेयरिंग फॉर सिविल सर्विस, रोल ऑफ साइकोलॉजी रहा। आईएएस अकादमी से नमन शर्मा चीफ गेस्ट रहे। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थियों को एक नई दिशा व दशा प्रदान करना अकादमी का मुख्य उद्देश्य है। डॉ. अनुपमा सिहाग ने विचार सांझा करते हुए कहा कि मनोवैज्ञानिक विभाग शिक्षार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए भी पर्याय है। व्याख्यान में 84 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रवनीत कौर, श्याम रहेजा व अमनीश कुमार मौजूद रहे।